

नियुक्ति पत्र लिए एसपी के साथ मौजूद पुलिस कर्मी।

# पुलिस कर्मियों से मिले एसपी

**श्रावस्ती।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 में श्रावस्ती से 23 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। चयनित सभी अभ्यर्थी लखनऊ से नियुक्तिपत्र लेकर सोमवार को वापस लौटे। इनसे पुलिस अधीक्षक ने मुलाकर कर शुभकामनाएं दीं। एसपी घनश्याम चौरसिया ने नियुक्ति पत्र लेकर पुलिस कर्मियों ने पुलिस लाइन में मुलाकात की।

# अभ्यर्थियों को पुलिस अधीक्षक ने दी बधाई



**श्रावस्ती (विधान केसरी)।** आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती-2023 के अंतर्गत जनपद श्रावस्ती से चयनित अभ्यर्थियों को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में गृह मंत्री जी- भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की उपस्थिति में द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने उनके जनपद सकुशल वापसी करा नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों से पुलिस लाइन सभागार कक्ष में मुलाकात कर उनकी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी चयनित अभ्यर्थियों को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि यह अवसर उनके जीवन में एक नए दायित्व और कर्तव्यबोध की शुरूआत है। सभी से अपेक्षा की गई, कि वे पुलिस सेवा में ईमानदारी, निष्ठा एवं सेवा भाव के साथ कार्य करेंगे तथा उत्तर प्रदेश पुलिस की गरिमा को और ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगे।